दैनिक
# न्याय साक्षी

छत्तीसगढ़-प्रादेशिक
सेहत-वास्तु-फीचर



## महत्वपूर्ण एवं खास

### राहुल गांधी के कार्यक्रम को लेकर कांग्रेसजन सक्रिय



**रायपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राहुल गांधी 20 अप्रैल को छत्तीसगढ़ के दौरे पर आ रहे हैं। श्री गांधी यहां दो आमसभा को संबोधित करेंगे। पीसीसी सूत्रों की माने तो राहुल गांधी के लिए यहां दो आमसभा आयोजित किए जाने की तैयारियां तेज हो गई है। पहली लोकसभा बिलासपुर लोकसभा सीट के संकरी में आयोजित की जाएगी। वहीं दुर्ग लोकसभा सीट के वैशाली नगर में भी श्री गांधी का चुनावी दौरा तय किया गया है। बताया जाता है कि वे कांग्रेस उम्मीदवार प्रतिमा चंद्राकर के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे। राहुल गांधी के प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर पीसीसी नेता और संगठन के पदाधिकारी उनके कार्यक्रम को सफल बनाने तैयारियों में जुट गए हैं। वहीं कांग्रेसजन उनके आमसभा की तैयारियों को लेकर व्यस्त हो गए हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन को देखते हुए स्थानीय जनप्रतिनिधि और संगठन के पदाधिकारी लगातार समीक्षा बैठक कर तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं।

### शिक्षकों को मिलने वाली छुट्टी होगी बंद

**कोरबा।** जिला स्तर पर शिक्षा विभाग ने इस बार नई व्यवस्था बनाई है। इसके तहत छात्रों के साथ शिक्षकों को मिलने वाली छुट्टी बंद हो जाएगी। नई व्यवस्था में सरकारी स्कूल ग्रीष्मकालीन अवकाश में भी खुलते रहेंगे। क्योंकि नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने के बाद आयोजित होने वाली पूरक परीक्षा गर्मी की छुट्टी में ही करानी है। ताकि नए सत्र में सिर्फ पढ़ाई पर फोकस रहे। जिसे 17 जून से शुरू होने वाले नए सत्र में लागू कर दिया जाएगा। योजना यह है कि नए सत्र में पठन-पाठन की प्रक्रिया, तिमाही, छमाही व वार्षिक परीक्षा को लेकर होगी। इसलिए ग्रीष्मकालीन अवकाश का लाभ शिक्षक नहीं ले पाएंगे। इन अवकाश के दिन में शिक्षक.शिक्षिकाएं स्कूल पहुंचेंगे और बोर्ड परीक्षा के अलावा होम एक्जाम में कमजोर फेल अथवा पूरक की पात्रता रखने वाले कक्षा पहली से 9वीं व 11वीं के छात्रों के पास होने तक परीक्षा लेंगे। मुख्य परीक्षा के बाद गर्मी की छुट्टी में ली जाने वाली परीक्षा तब तक जारी रहेगी जब फेल या पूरक की श्रेणी में आने वाला बच्चा उत्तीर्ण की श्रेणी में न आ जाए।

### नक्सलियों ने कर दी नगर सैनिक की गला रेतकर हत्या

**जगदलपुर।** बीजापुर जिले के नेलसनार थाना क्षेत्र के ग्राम करेरपारा में बुधवार की सुबह नक्सलियों ने एक नगर सैनिक राजू राम गोंदे की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार ग्राम बोदली निवासी नगर सैनिक राजूराम बोदे सुबह अपने घर से महुआ बीनने के लिए जंगल गया हुआ था, तभी 8 से 10 नक्सली सादे वस्त्र में जंगल पहुंचे और उसके ऊपर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक राजूराम 2010 में भर्ती हुआ था और उसके बाद से लगातार काम कर रहा था, लेकिन पिछले विधानसभा चुनाव के बाद से वह ड्यूटी नहीं जा रहा था, इसीलिए उसे निलंबित कर दिया गया था। बीजापुर एसपी गोवर्धन ठाकुर ने कहा कि मामले की प्रारंभिक जांच की जा रही है। हालांकि पुलिस को घटनास्थल से किसी भी प्रकार का कोई भी नक्सली पर्चा बरामद नहीं हआ है। शव को पीएम के लिये भिजवा दिया गया है।

### शादी में बाजा बजाने को लेकर मारपीट

**कोरबा।** बालको थाना अंतर्गत बेलाकछार निवासी संतोष चौहान की शादी हो रही है। सोमवार को उसकी हरदियाही थी। इसके लिए परिवार के लोग घर के होम थियेटर से बाजा बजाकर नाच रहे थे। बाद में बाजा बंद होने पर पड़ोस के बलराम, गोलू, अशोक बरेठ व कृष्णा सारथी वहां पहुंचे। उन्होंने दोबारा बाजा बजाने को कहते हुए गाली-गलौच शुरू कर दी। तब मेहमानी में आए बहन दमाद राजेश व जीजा राहुल समेत दीदी हीराबाई ने गाली-गलौच करने से मना किया। इस पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए बेल्ट व डंडे से मारपीट की। साथ ही बारात जाने पर ठीक नहीं होने की धमकी देते हुए दरवाजे को लात व ईंट से पीटा। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### वाहन फिटनेश चार्ज की बात पर विवाद

**रायपुर।** आरटीओं एजेन्ट फिटनेश चार्ज के रुप में अतिरिक्त रुपये नहीं देने पर गाली-गलौज कर सिर पर पत्थर से मारकर घायल किये जाने की रिपोर्ट खमतराई थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार के फाफाडीह देवेंद्रनगर रायपुर निवासी हरीश रहेजा 45 वर्ष पिता स्व.भागचंद रहेजा ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि वह आरटीओ कार्यालय रायपुर में एजेन्ट के रुप में काम करता है। व 7 ट्रक का फिटनेश कराने के लिये रायपुर आरटीओ कार्यालय में आवेदन जमा कर सभी गाड़ी का फिटनेश फीस जमा कर दिया था। जब फिटनेश का कागजात मांगने कार्यालय गया तो उसे फिटनेश चार्ज एक ट्रक के पीछे अतिरिक्त 1 हजार रुपये की मांगा गया जिसे व देने से मना कर दिया। इसी बात पर नई बस्ती राजातालाब सिविल लाईन रायपुर निवासी सुरेंद्र कुमार तिर्की 45 वर्ष पिता अर्जून तिर्की व रमेश कुमार ध्रुर्व ने गाली-गलौज करते हुये सिर पर पत्थर से मारकर घायल कर दिया।


### 2 नक्सली सदस्यों ने किया आत्म समर्पण

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ शासन की पुनर्वास एवं आत्म समर्पण नीति से प्रभावित, पुलिस द्वारा चलाये गये नक्सल विरोधी अभियान से दबाव में आकर, समाज की मुख्य धारा में शामिल होने की इच्छा, आंध्रप्रदेश के बड़े नक्सली लीडरों की प्रताड़ना एवं भेदभाव से प्रताड़ित होकर दो सक्रिय नक्सलियों ने सुकमा जिला पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पित सभी माओवादी जनमिलिशिया सदस्य हैं और छत्तीसगढ़ के मूल निवासी हैं। बस्तर आईजी विवेकानंद सिंहा ने बताया कि बस्तर रेंज में लगातार चल रहे नक्सल विरोधी अभियान से नक्सली संगठन पर भारी दबाव बना हुआ है, वहीं सरकार की आकर्षक पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर समाज की मुख्यधारा में जुडने हेतु दो नक्सलियों स्कूल का शिक्षक माड़वी सुक्का व जनमिलिशिया सदस्य मांडवी भीमा जो की नक्सलियों के लिए सक्रिय रूप से कई बड़े नक्सली लीडरों के साथ पिछले पांच वर्षों से काम कर रहे थे।

# अमित शाह कल रायगढ़-बिलासपुर दौरे पर

### रायगढ़, तखतपुर में करेंगे आमसभा को संबोधित

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह कल रायगढ़-बिलासपुर जिले के दौरे पर रहेंगे। वे दोनों ही स्थानों पर चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।




भाजपा सूत्रों ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह कल 18 अप्रैल को प्रदेश के दौरे पर आ रहे हैं। श्री शाह के तय कार्यक्रम के अनुसार वे विशेष विमान से सुबह 9.45 बजे भुवनेश्वर-ओडिशा से प्रस्थान करेंगे और सुबह 10.40 बजे जिंदल एयरस्ट्रीप रायगढ़ पहुंचेंगे। यहां से वे सड़क मार्ग से म्युनिसिपल ग्राउंड पहुंचकर यहां आयोजित आमसभा को संबोधित करेंगे। इसके पश्चात स्थानीय भाजपा नेताओं से संक्षिप्त मेल-मुलाकात व चर्चा के बाद वे दोपहर 12 बजे जिंदल एयरस्ट्रीप से बिलासपुर के लिए रवाना हो जाएंगे। दोपहर 12.45 बजे वे तखतपुर-बिलासपुर पहुंचेंगे और यहां आयोजित आमसभा को संबोधित करेंगे। श्री शाह दोपहर 1.50 बजे तखतपुर से रवाना होकर दोपहर 2.25 बजे माना

## पोलिंग बूथों में होंगे वोटर सेल्फी जोन, 21 तक भेजी जा सकेगी सेल्फी

**धमतरी।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2019 में जिले के मतदान केन्द्रों में वोटर सेल्फी जोन स्थापना की जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रजत बंसल ने बताया कि प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र से 25 उत्कृष्ट सेल्फी का चयन पुरस्कार हेतु किया जाएगा। मतदाता के द्वारा सेल्फी संबंधित मतदान केन्द्र में बनाए गए वोटर सेल्फी जोन में ही ली गई फोटो को इसमें शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सेल्फी वाली फोटो मतदान तिथि के तीसरे दिन यानी 21 अप्रैल तक भेजना होगा। इस संबंध में बताया गया कि मतदाताओं को प्रोत्साहित करने एवं मतदान का प्रतिशत में वृद्धि करने के उद्देश्य से वोटर सेल्फी जोन स्थापना प्रत्येक मतदान केन्द्र में किया जाएगा। इसके लिए पोलिंग बूथ से बाहर 20ग30 साईज का पोस्टर डिजाइन कर ऊंचे स्थान पर वोटर सेल्फी बनाया जाएगा, जहां पर मतदाता पोस्टर के सामने खड़े होकर अपने मोबाइल सेल्फी ले सकेंगे।

## सीएम भूपेश बघेल का हेलीकॉप्टर हुआ खराब, सड़क मार्ग से होना पड़ा रवाना



**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ में गुरुवार को दूसरे चरण के तहत मतदान होगा वहीं तीसरे चरण के लिए चुनाव प्रचार जोर शोर से चल रहा है. चुनाव प्रचार के लिए सूरजपुर जिले पहुंचे थे।

सीएम भूपेश सभा को संबोधित करने के बाद अगली सभा में शामिल होने जब हेलीपेड पहुंचे तब पायलट ने बताया कि हेलीकाप्टर में तकनिकी खराबी आ गयी है। हेलीकॉप्टर खराब होने से वे देवनागर में होने वाली अगली सभा के लिए उड़ान नहीं भर सके. जिसके बाद वे सड़क मार्ग से सभा स्थल के लिए रवाना हुआ. बताया जा रहा है इसके पहले कल भी हेलीकॉप्टर खराब हुआ था।

## पीएम मोदी के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत

### कोरबा में दिये गए भाषण को लेकर कांग्रेस ने जताई आपत्ति

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ निर्वाचन आयोग में आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत हुई है. पीएम मोदी के खिलाफ कांग्रेस ने शिकायत करते हुए आरोप लगाया है कि उन्होंने कोरबा में आयोजित सभा में जातिगत आधार पर वोट मांगा है। कांग्रेस ने इसके साथ ही मोदी की उस स्पीच को जिक्र भी



अपनी शिकायत में किया है साथ में भाषण की ऑडियो क्लिप और अखबार की कतरनों को भी आयोग के पास जमा किया है। कांग्रेस की स्पेशल लीगल टीम ने आयोग से मांग की है कि इस मामले में तत्काल संज्ञान लेते हुए पीएम मोदी के खिलाफ कार्रवाई की जाए और उन्हें प्रधानमंत्री का विशेषाधिकार का लाभ न दिया जाए.


### बिलासपुर बीजेपी प्रत्याशी अरुण साव की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

**बिलासपुर।** भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर बिलासपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे अरुण साव की तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहो विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में उपचार किया जा रहा है. बताया जाता है कि अरुण साव को पेट दर्द की शिकायत पर अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया. उपचार के बाद शाम तक अस्पताल से छुट्टी किए जाने की संभावना है। गौरतलब है कि बिलासपुर लोकसभा सीट पर तीसरे चरण में 23 अप्रैल को मतदान होना है. मैदान में एक तरफ जहां भाजपा के अरुण साव हैं, तो दूसरी ओर कांग्रेस ने अटल श्रीवास्तव को प्रत्याशी बनाया है।

## "मोर रायपुर-वोट रायपुर" रैम्प वॉक के माध्यम से दिया गया अनिवार्य मतदान का संदेश

### स्वीप सलाद और स्वीप मिठाई प्रतियोगिता भी आयोजित की गई

**रायपुर।** लोकसभा निर्वाचन-2019 के लिए मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने हेतु रायपुर जिला प्रशासन द्वारा संचालित मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम ''मोर रायपुर-वोट रायपुर'' के तत्वाधान में आज यहां कटोरा तालाब उद्यान में स्वीप रैम्प वॉक, स्वीप सलाद एवं स्वीप मिठाई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। महिला बाल विकास विभाग के सहयोग




से आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. बसवराजु एस. थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर निगम आयुक्त श्री शिव अनंत तायल तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप के नोडल अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह भी उपस्थित थे। अतिथियों द्वारा वहां उपस्थित जनसमुदाय को 23 अप्रैल को अवश्य मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

स्वीप रैम्प वॉक प्रतियोगिता में आकर्षक परिधानों से सुसज्जित युवतियों एवं महिलाओं ने सुमधुर गीतों की धुन पर मतदान का संदेश देते हुए रैम्प वॉक किया। इसी प्रकार महिला बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षकों तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सामान्य महिलाओं ने स्वीप सलाद प्रतियोगिता के तहत आकर्षक सलाद सज्जा का प्रदर्शन किया।

### सड़क दुर्घटना में नेशनल व स्टेट प्लेयर की मौत

**दुर्ग।** मॉर्निंग वॉक के लिए निकले दो होनहार खो-खो खिलाड़ियों को तेज रफ्तार हाइवा ने रौंद डाला. इनमें से एक जहां नेशनल तो वहीं दूसरा स्टेट प्लेयर था. वहीं मॉर्निंग वॉक में उनके साथ गई युवती सदमे की स्थिति में है. मामला दुर्ग-पाटन रोड पर ग्राम अरसनारा का है। जानकारी के अनुसार, ग्राम अरसनारा निवासी मेनका पटेल पिता केशव पटेल (22 वर्ष), चुम्मन साहू पिता प्रदीप साहू (23 वर्ष) और निशा यादव मॉर्निंग वॉक के लिए सुबह करीब 4.30 निकले थे. तीनों पैदल चलते हुए पंदर चौक की तरफ जा रहे थे, इसी दौरान एक अज्ञात हाइवा ने टक्कर मार

## दिग्गी राजा के खिलाफ चुनाव लड़ेंगी साध्वी प्रज्ञा

**रायपुर।** भाजपा ने भोपाल से कांग्रेस के दिग्गज नेता दिग्विजय सिंह के खिलाफ साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर को मैदान पर उतारा है. साध्वी प्रज्ञा ठाकुर ने बुधवार को ही औपचारिक तौर पर भाजपा का दामन थामा था. कुछ घंटे बाद ही पार्टी ने उन्हें भोपाल लोकसभा सीट से प्रत्याशी घोषित कर दिया है. भाजपा ने इसके अलावा मध्य प्रदेश के तीन अन्य सीटों पर पर भी उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है. गुना से डॉ केपी यादव, सागर से राज बहादुर सिंह को उम्मीदवार बनाया है. और विदिशा से रमाकांत भार्गव को टिकट दिया गया है.

गौरतलब है कि मालेगांव विस्फोट कांड की वजह से



साध्वी प्रज्ञा सिंह का नाम सुर्खियों में आई थी. साध्वी प्रज्ञा ठाकुर मध्य प्रदेश के एक मध्यमवर्गीय परिवार से आती हैं. परिवारिक पृष्ठभूमि के चलते वे संघ व विहिप से जुड़ी और फिर बाद में संन्यास धारण कर लिया. 2008 में हुए मालेगांव बम विस्फोट में उन्हें गिरफ्तार किया गया गया. हाल ही में वे दोषमुक्त हुई हैं।

## महंत राजेश्वर भार्गव 1260 कार्यकर्ताओ के साथ कांग्रेस में शामिल

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव निकट आते देख प्रदेश में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई है। साथ ही एक पार्टी से दूसरी पार्टी में जाने का सिलसिला भी तेज हो गया है । इसी के तहत प्रदेश में जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ पार्टी के नेता महंत राजेश्वर भार्गव मंगलवार को मल्हार में एक राजनैतिक सभा में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के समक्ष 1260 कार्यकर्ताओ के साथ कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। राजेश्वर भार्गव जोगी कांग्रेस के लिए मस्तूरी क्षेत्र में सक्रिय थे।

आप को बता दें कि ये वहीं नेता है जिन्होंने जोगी कांग्रेस के लिए सबसे अधिक 49273 सदस्य पार्टी के लिए बनाए थे। हालांकि राजेश्वर भार्गव के पार्टी छोडने् का कारण नहीं पता चल



पाया है। लेकिन माना जा रहा है कि राजेश्वर भार्गव ने अपनी उपेक्षा और पार्टी की नीतियों के कारण पार्टी छोड़ दी है।

इससे पहले जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ को बिलासपुर जिले में बड़े झटके लगे। बिल्हा के पूर्व विधायक सियाराम कौशिक तखतपुर के जनता जोगी कांग्रेस के प्रत्याशी संतोष कौशिक सहित मुंगेली के चंद्रभान बरामते सहित कुछ बड़े नेताओं ने हाल ही में अजीत जोगी की पार्टी जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ से नाता तोड़ कर फिर कांग्रेस का दामन थामा है।

## मनरेगा भुगतान-फसल बीमा दावा भुगतान के लिए सीएम ने केन्द्रीय मंत्रियों को लिखा पत्र

**रायपुर।** राज्य के 45.37 लाख बीमा करा चुके कृषकों में से केवल 13 लाख 41 हजार कृषकों को ही बीमा दावा प्राप्त होने तथा शेष कृषकों को दावा राशि प्राप्त नहीं होने को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री को पत्र लिखकर पूरी स्थिति से अवगत कराया है। इसके अलावा सीएम श्री बघेल ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्राीण रोजगार गारंटी योजना के सुचारू संचालन के लिए राशि उपलब्ध कराने केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री को भी पत्र प्रेषित किया है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्रीय मंत्रियों को लिखे पत्र में कहा है कि पर्याप्त राशि प्राप्त नहीं होने से मनरेगा का भुगतान अटक रहा है, श्रमवीरों को शीघ्र भुगतान किए जाने तथा उनके



भुगतान निराकरण शीघ्र कराने के लिए तत्काल राशि आवंटित किए जाने का अनुरोध किया है। सीएम भूपेश बघेल ने राधा मोहन सिंह कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के क्रियान्वयन की जानकारी देते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का क्रियान्वयन राज्य में खरीफ वर्ष 2016 से किया जा रहा है । मुख्यमंत्री ने पत्र में कहा है कि बीमित कृषक में से सिर्फ 13.41 लाख कृषकों को ही बीमा दावा प्राप्त हुआ है जो बीमित की किसानों की तुलना में लाभान्वित की कुल की संख्या काफी कम है। यह योजना किसानों के बीच लोकप्रिय नहीं हो पा रही है । भूपेश बघेल ने निवेदन किया है कि योजना को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु वर्तमान प्रावधानों में संशोधन किया जाए।

### 50 लाख के सट्टा-पट्टी के साथ चार आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** पुलिस ने आईपीएल क्रिकेट मैच में 50 लाख रुपए के सट्टा-पट्टी के साथ चार आरोपी को पकड़ा है. आरोपियों से 9 मोबाईल फोन व 22,200 हजार रुपए नगदी जब्त की गई. न्यू राजेंद्र नगर थाने में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से न्यू राजेन्द्र नगर क्षेत्र के हिमालया हाईट्स में आईपीएल क्रिकेट पंजाब एवं राजस्थान के मैच में आनलाईन सट्टा खिलाने की जानकारी दिया. विशेष पुलिस टीम ने मुखबिर द्वारा बताए हुलिये के आधार पर उक्त स्थान पर जाकर तस्दीक किया. वहां एक व्यक्ति अपने हाथ में मोबाईल लेकर उपयोग करते हुए पाया गया. पुलिस ने जब उस व्यक्ति से पूछताछ किया तो वह भागने का प्रयास किया।